an>

Title: Need to set up an IIT and Institute of Computer Technology at Mehsana and Ahmedabad of Gujarat.

डॉ. किरिट पी. सोलंकी (अहमदाबाद) : धन्यवाद सभापति जी, आपने मुझे शून्यकाल में एक महत्वपूर्ण विÂ◌ाय पर बोलने की अनुमति दी है।

महोदय, भारत सरकार ने 20 आईआईटीज की स्थापना की है और वे पीपीपी मॉडल पर बनेंगी। इसके प्रथम चरण में पांच आईआईटीज वÂ◌ार्न 2013 स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। मैं भारत सरकार का आभारी हूं कि वड़ोदरा में एक आईआईटी बनाने का निर्णय लिया गया है। आप जानते हैं कि गुजरात में बड़ी तेजी से औद्योगीकरण हो रहा है। गुजरात में वाइब्रेंट समिट के माध्यम से बहुत सारा निवेश हो रहा है, इसकी वजह से गुजरात में इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नोलॉजी और इंस्टीटयूट ऑफ कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी की बहुत आवश्यकता है।

अतः मेरा भारत सरकार से निवेदन है कि उत्तर गुजरात के मेहसाणा में और अहमदाबाद में आईआईटी एवं इंस्टीटयूट ऑफ कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी स्थापित हों। धन्यवाद।